Patrika (Indore), 07th April 2026, Page – 12 (Front P- plus 02)

आइआइटी इंदौर : रिसर्च में जाने वाले यूजी-पीजी के विद्यार्थियों को होगा फायदा

समर इंटर्नशिप का मौका, आप 20 अप्रेल तक करें आवेदन

इंदौर. रिसर्च और प्रैक्टिकल एक्सपीरियंस के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। यूजी और पीजी के विद्यार्थियों के लिए आइआइटी इंदौर ने समर इंटर्नशिप के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। विद्यार्थी पसंद के अनुसार फैकल्टी मेंटर का चयन कर सकेंगे। इंटर्नशिप की अवधि न्यूनतम एक व अधिकतम दो महीने रखी है, जो संबंधित मेंटर की सहमति से तय होगी।

इंटर्नशिप के लिए आवेदन लिंक 20 अप्रेल शाम 5 बजे बंद कर दी जाएगी। इंटर्नशिप 16 मई के बाद शुरू होगी और 19 जुलाई तक खत्म होगी। पीजी के लिए जरूरी है कि वे किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में पढ़ रहे हों और कम से कम 60 प्रतिशत अंक या फर्स्ट डिवीजन हो। यूजी के लिए 10 प्लस 2 में 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड जरूरी है। वर्तमान सीजीपीए भी फर्स्ट डिवीजन के बराबर होना चाहिए। यूजी के लिए फीस 3000 और पीजी विद्यार्थियों के लिए 5000 रुपए प्रतिमाह है। चयनित छात्रों को इंटर्नशिप शुरू होने से पहले पेमेंट लिंक दी जाएगी।

रहने-खाने की व्यवस्था

विद्यार्थियों के लिए सीटों की उपलब्धता पर हॉस्टल में रहने की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए विद्यार्थियों को हॉस्टल कार्यालय से संपर्क करना होगा। आइआइटी इंदौर की यह इंटर्नशिप उन विद्यार्थियों के लिए खास है, जो रिसर्च, टेक्नोलॉजी और प्रैक्टिकल लर्निंग में आगे बढ़ना चाहते हैं।